**Regarding need to provide stoppage of Garib Rath Express (Train No. 12211/12212) at Samastipur Railway Junction, Bihar-Laid**

श्रीमती शांभवी **(समस्तीपुर) :** मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान उत्तर बिहार के एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ । गाड़ी संख्या12211/12212,जो आनंद विहार (दिल्ली) और मुजफ्फरपुर के बीच चलती है, एक लोकप्रिय और किफायती वातानुकूलित गरीब रथ एक्सप्रेस है । यह ट्रेन लाखों लोगों, विशेषकर छात्रों,श्रमिकों और आम नागरिकों के लिए दिल्ली आने-जाने का एक सुगम साधन है । मेरा लोक सभा क्षेत्र समस्तीपुर उत्तर बिहार का एक प्रमुख रेलवे जंक्शन, एक बड़ा व्यापारिक केंद्र और शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केंद्र है । यह ट्रेन समस्तीपुर से होकर गुजरती है, लेकिन दुर्भाग्यवश इसका यहां कोई ठहराव नहीं है । ठहराव न होने के कारण समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी और आसपास के जिलों के हज़ारों यात्रियों को इस ट्रेन को पकड़ने के लिए मुजफ्फरपुर तक की अतिरिक्त यात्रा करनी पड़ती है,जिससे उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद होता है । समस्तीपुर में इस ट्रेन के ठहराव की मांग बहुत वर्षों से की जा रही है और इसलिए माननीय रेल मंत्री जी से मेरा आग्रह है कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें और जनहित में तत्काल प्रभाव से गाड़ी संख्या 12211/12212 गरीब रथ एक्सप्रेस का ठहराव समस्तीपुर जंक्शन पर सुनिश्चित करें ।इस कदम से न केवल लाखों लोगों को सुविधा होगी,बल्कि रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि होगी ।